व्यापार व निवेश में आईएफएस का मिलेगा सहयोग

लखनऊ। सचिव, औद्योगिक विकास एवं 'इन्वेस्ट यूपी' के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अभिषेक प्रकाश ने उद्योगजगत को निवेश करने में सुविधा और शिकायत निवारण में पूर्ण सरकारी सहायता का आश्वासन दिया है। एसोसिएटेड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री यूपी (एसोचैम-यूपी) के अधिकारियों और उत्तर प्रदेश में व्यापारिक समुदाय की आकांक्षाओं को समझने के लिए राज्य का दौरा कर रहे भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) के अधिकारियों को संबोधित कर रहे थे। सीईओ, इन्वेस्ट यूपी ने आईएफएस अधिकारियों से राज्य में व्यापार करने में आसानी (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) में सुधार और बुनियादी ढांचे के विकास में हुए परिवर्तन को विदेशों में प्रचारित करने का आग्रह किया। उन्होंने विदेशों में भारतीय दूतावास की वेबसाइटों पर हाई नेटवर्क व्यक्तियों और उत्तर प्रदेश के निर्यातकों को प्रदर्शित करने एवं एक आकर्षक निवेश गंतव्य के रूप में उत्तर प्रदेश की ब्रांडिंग में सहयोग के लिए कहा। बुधवार को एसोचैम यूपी ने इन्वेस्ट यूपी के साथ ही भारतीय विदेश सेवा के सुरेंद्र के अधाना पासपोर्ट अधिकारी, आरपीओ, दिल्लीय पीयूष वर्मा उप सचिव (सीपीवी), विदेश मंत्रालयय मनोज कुमार उप सचिव (उत्तर), विदेश मंत्रालयय नरेश कुमार उप सचिव (जीईएम) के साथ एक संवाद सत्र का आयोजन होटल ताज, लखनऊ में आयोजित किया था।